University of Technology
Serving Education Since 1976

University of Technology FATHEPURA ROAD,
POST – KUMHARIYAWAS, VATIKA, JAIPUR – 303903

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर ने पाँचदिवसीय मतदाता जागरूकता रैली का किया आयोजन

जयपुर, 26 अक्टूबर 2026।

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी,जयपुर के मानविकी, कला एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS Unit) एवं इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब 2.0 के संयुक्त तत्वावधान में 26 अक्टूबर 2026 को पाँचदिवसीय मतदाता जागरूकता रैली की शुरुआत की। आज प्रथम दिवस पर रैली अपने गोद लिए गए गाँव सीमलियावास पहुँची, जहाँ ग्रामीणों को मतदान के महत्व, मतदाता अधिकारों, नैतिक मतदान तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक किया गया। इस पहल में लगभग 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस रैली अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में मतदाता जागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार मतदान के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान "अपने वोट के महत्त्व को समझो" (Your Vote Matters) और "जागो, समझो, मतदान करो, अपने भविष्य को बेहतर बनाओ" जैसे प्रेरक संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों को अपने मताधिकार का महत्व समझाया गया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि मतदान केवल नागरिकों का अधिकार ही नहीं, बल्कि देश के भविष्य के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक जागरूक नागरिक की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है।

विश्वविद्यालय के प्रो-चेयरपर्सन डॉ. अंशु सुराना ने शिक्षा संस्थानों की सामाजिक जिम्मेदारी तथा विद्यार्थियों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने इस प्रकार की गतिविधियों को सामाजिक परिवर्तन, जागरूक नागरिकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम बताया। विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट प्रोफ़ेसर (डॉ.) रश्मि जैन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में व्यावहारिक शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज से जुड़ी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों को समझने, सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील बनने तथा अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग जनहित में करने का अवसर प्रदान करती हैं। विश्वविद्यालय के प्रो-प्रेसिडेंट प्रोफ़ेसर (डॉ.) अंकित गांधी ने संस्थागत समन्वय, सामाजिक उत्तरदायित्व और सुव्यवस्थित सामुदायिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस तरह की पहलों को उच्च शिक्षा संस्थानों और समाज के बीच संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

मानविकी, कला एवं सामाजिक विज्ञान विद्केयापीठ विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों की सामूहिक सहभागिता बढती है तथा सामाजिक जागरूकता के संदेश को व्यापक स्तर तक पहुँचाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के समन्वयक की जिम्मेदारी डॉ. रजनी खंडेलवाल ने निभाई, वहीं, डॉ. अंशु श्रीवास्तव और सुश्री खुशबू चौधरी ने अभियान के संचालन तथा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सीमलियावास गाँव के ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और उन्हें मतदान के महत्व तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के प्रति जागरूक किया। एनएसएस समन्वयक श्री यश यादव ने कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों और विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। शपथ के माध्यम से जिम्मेदार नागरिकता, मताधिकार के प्रति सजगता तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का संदेश भी दिया गया। इस पहल ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को एक साझा सामाजिक उद्देश्य से जोड़ते हुए मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया।

रैली में शामिल लगभग 30 विद्यार्थियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, सामूहिक कार्य करने की भावना, सामाजिक सेवा और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिला। ग्रामीण समुदाय के बीच आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा को समाज से जोड़ने तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा। विश्वविद्यालय की यह पहल ग्रामीण समुदाय को मतदान के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक चेतना, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


University of Technology
Serving Education Since 1976
School of Humanities, Arts & Social Sciences
B++ NAAC
Your Vote Matters
मतदाता जागरूकता रैली
"जागो, समझो, मतदान करो –
अपने भविष्य को बेहतर बनाओ"
जागरूक मतदाता मजबूत लोकतंत्र
Organised by:
School of Humanities, Arts & Social Sciences
Vatika, Jaipur


University of Technology
Serving Education Since 1972
School of Humanities, Arts & Social Sciences
B++ NAAC
Your Vote Matters
मतदाता जागरूकता रैली
"जागो, समझो, मतदान करो – अपने भविष्य को बेहतर बनाओ"
जागरूक मतदाता मजबूत लोकतंत्र
Organised by:
School of Humanities, Arts & Social Sciences
Vatika, Jaipur


Your Vote Matters
मतदाता जागरूकता
रैली
"जागो, समझो, मतदान करो –
अपने भविष्य को बेहतर बनाओ"
जागरूक
मतदाता
मजबूत
लोकतंत्र
Organized by:
School of Humanities, Arts & Social Sciences
Vedas, Jaipur
न डरेंगे, न रुकेंगे
शत –प्रतिशत मतदान


मतदाता जागरूकता रैली
GPS Map Camera
Loading...
Friday, 30/10/2026 12:05 PM GMT +05:30
Note : Captured by GPS Map Camera
Google


मतदाता जागरूकता रैली
GPS Map Camera
Loading...
Friday, 30/10/2026 12:04 PM GMT +05:30
Note : Captured by GPS Map Camera
Google


GPS Map Camera
Loading...
Friday, 30/10/2026 12:04 PM GMT +05:30
Note : Captured by GPS Map Camera
Google


GPS Map Camera
Loading...
Friday, 30/10/2026 11:44 AM GMT +05:30
Note : Captured by GPS Map Camera
Google


मतदाता जागरूकता
रैली


मतदाता जागरूकता
रैली


मतदाता जागरूकता
रैली


न डरेंगे, न झुकेंगे
मतदान के लिए जागो
मतदाता जागरूकता
रैली
लोकतंत्र की शान
शत-प्रतिशत मतदान

